# ड्रग और एपीआई निर्माण से घटेगी चीन पर निर्भरता : मयूर

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ** : UPSIDA के सीईओ मयूर महेश्वरी ने कहा है कि आज व्यापार ई-कॉमर्स से बढ़कर अब एम-कॉमर्स की ओर बढ़ रहा है। यूपी भी इन बदलावों के साथ तालमेल बिठा रहा है। जहां पहले सड़कों में गड्ढे थे, अब राज्य में 50% ऐक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेस-वे हैं। एबी मयूरी और अशोक लेलैंड यूपी में सबसे बड़ी विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने की प्रक्रिया में आगे बढ़ रहा है। भारत आज 65% एक्टिव फॉर्मास्यूटिकल इनग्रिएंट्स (API) और बल्क ड्रग्स के लिए चीन पर निर्भर है और इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ललितपुर में देश का सबसे बड़ा बल्क ड्रग और API निर्माण संयंत्र स्थापित कर रही है। इससे चीन पर निर्भरता घटेगी।

मयूर महेश्वरी शुक्रवार को नोएडा में भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) और यूपीसीडा की ओर से आयोजित यूपी लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन समिट 2025 को संबोधित कर रहे थे।

इन्वेस्ट यूपी के एसीईओ शशांक चौधरी ने कहा कि यूपी की नई नीतियां वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों को बड़ा प्रोत्साहन देने के लिए तैयार हैं, जो भविष्य की विकास यात्रा में अहम भूमिका निभाएंगे। PM गति शक्ति जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बलबूते पर यूपी ने इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी मजबूत किया है, जिससे यह उद्योगों और निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गया है।